न्यायालय उपखण्ड अधिकारी रामसर

पीठासीन अधिकारी :—अनिल कुमार आर.ए.एस.
राजस्व आवेदन संख्या — 230 / 2024
बनाम

प्रार्थीगण		विप्रार्थीगण
1. उतमाराम पुत्र जुगताराम वगेराह प्रार्थीगण संख्या 2 से 16	बनाम	1. अचलाराम पुत्र हड्डमान राम वगेराह विप्रार्थीगण 2 से 17 तक 2. तहसीलदार रामसर।

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 136 राज0भू0राज0 अधिनियम वास्ते तरमीम दुरस्ती

आदेश

दिनांक 14.02.2025

संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार हैं कि मौजा भानपुरा तहसील रामसर के खसरा संख्या 244 रकबा 0.0971 हेक्टयर गेर मुमकीन ढाणी व खेत खसरा संख्या 354 / 245 रकबा 21.7963 हेक्टयर आया हुआ है। प्रार्थीगण के सेंढे के पास ही विप्रार्थीगण की खातेदारी का खेत खसरा संख्या 355 / 245 रकबा 21.7801 हेक्टयर मौजा भानपुरा का आया हुआ है मूल रूप से प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण की खातेदारी खेत संयुक्त रूप से खेत खसरा संख्या 245 के रूप से राजस्व रेकर्ड में अंकित थे तथा प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण के पूर्वजों के मध्य आपसी बंटवाडा होने से उक्त खेत दो भागो में बंट गया प्रार्थीगण के खेत खसरा 244 रकबा 0.0971 गेर मुमकीन ढाणी तथा खसरा संख्या 354 / 245 रकबा 21.7963 हेक्टयर तथा विप्रार्थीगण के खेत खसरा संख्या 355 / 245 रकबा 21.7801 हेक्टयर मौजा भानपुरा का आया तथा उसी अनुसार उक्त खेतो की तरमीम परिशिष्ट 'अ' अनुसार भरी गई जो सही है। वर्तमान में राजस्व रेकर्ड को ऑनलाइन करते समय तरमीम संलग्न परिशिष्ट 'ब' अनुसार कर दी जिसे दुरस्त हेतु संलग्न परिशिष्ट 'अ' अनुसार तरमीम दुरस्त करने हेतु यह आवेदन इस न्यायालय में दिनांक 27.12.2024 को दर्ज किया गया।

आवेदन दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रार्थीगण एवं विप्रार्थीगण आपस में तरमीम दुरस्त हेतु सहमत है। प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई। पत्रावली का अवलोकन एवं संलग्न दस्तावेजों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि उक्त विसंगति तहसील ऑनलाइन करते समय हुई है ।

अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा भानपुरा तहसील रामसर के खसरा संख्या 244 रकबा 0.0971 हेक्टयर गेर मुमकीन ढाणी व खेत खसरा संख्या 354 / 245 रकबा 21.7963 हेक्टयर तथा खेत खसरा संख्या 355 / 245 रकबा 21.7801 हेक्टयर हेक्टयर मे संलग्न परिशिष्ट 'अ' अनुसार तरमीम दुरस्ती करने के आदेश प्रदान किये जाते है तहसीलदार रामसर तदनुसार दुरूस्ती सुनिश्चित करने हेतु आदेषित किया जाता है।

यह आदेश आज़ दिनांक 14.02.2025 को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया गया।

(अनिल कुमार)
उपखण्ड अधिकारी, रामसर
उपखण्ड अधिकारी रामसर

क्रमांक : रीडर / 2025 / कोर्ट / 115-17

दिनांक 14/2/2025

प्रतिलिपि :—

1. तहसीलदार रामसर।
2. प्रार्थी उतमाराम पुत्र जुगताराम वगेराह ।
3. विप्रार्थीगण अचलाराम पुत्र हड्डमान राम वगेराह।

उपखण्ड अधिकारी, रामसर
उपखण्ड अधिकारी
रामसर